XI. निम्नलिखित वाक्यों का निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें :- [8]

(क) मैदान में बच्चा खेल रहा है ।
(वचन बदलकर वाक्य दोबारा लिखें।)

(ख) तुम्हारा पिताजी कहाँ गया ?
(वाक्य शुद्ध करके दोबारा लिखें)

(ग) पाँच किलो आटा खरीद लाओ ।
(संज्ञा शब्द को रेखांकित कर भेद बताएँ)

(घ) गिलहरी घास पर बैठी है ।
(दिए गए वाक्य का वचन बताएँ)

(ङ) क्या आप बाज़ार जा रहे हो ?
(वाक्य शुद्ध करके दोबारा लिखें)

(च) कघा, मुह ।
(उचित स्थान पर अनुस्वार, अनुनासिक का प्रयोग कीजिए)

(छ) मैं कल मेला देखने जाऊँगा ।
(संज्ञा शब्द को रेखांकित कर भेद बताएँ)

XII. निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखें :- [2]

(क) नाक में दम करना

(ख) अक्ल का दुश्मन

त्रैमासिक परीक्षा 2018-2019
हिन्दी भाषा

कक्षा : IV
समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

I. किसी एक विषय पर निबंध लिखो। [20]

(क) चौथी कक्षा में आपका पहला दिन कैसा बीता ? अपने अनुभवों का वर्णन करते हुए निबंध लिखें।

(ख) वर्षा के दिनों में सड़कों पर जमे पानी को देखकर आप कैसा अनुभव करते हैं ? उसका आनंद आप किस प्रकार उठाते हैं ?

II. विद्यालय से घर जाते हुए रास्ते में आपके पाँव में चोट आ गई। चार दिन के अवकाश के लिए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें। [10]

III. नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखें :-
(सिर्फ उत्तर लिखें)

एक बार नेहरू जी रूस की यात्रा पर गए। वहाँ उनका बड़ा शानदार स्वागत हुआ। रूस के किसी गाँव का एक बच्चा भी उन्हें देखने आया, पर पहरेदारों ने उसे अंदर नहीं जाने दिया। बच्चा निराश होकर रोते-रोते वही बैठ गया। कुछ देर बाद नेहरूजी बाहर आए और बच्चे को रोता हुआ देखकर प्यार से पूछा, "तुम क्यों रो रहे हो?" बच्चे ने उत्तर दिया, "मैं एक गरीब लड़का हूँ और दूर के एक गाँव से नेहरू जी को देखने आया हूँ, पर पहरेदारों ने

(Turn Over)

Downloaded From www.icseboard.org

मुझे अंदर नहीं जाने दिया।" नेहरू जी ने बच्चे को गले से लगा लिया। बच्चे को यह पता नहीं था कि यही नेहरू जी थे, फिर भी उसने उन्हें फूलों का गुच्छा दे दिया। नेहरू जी ने उस बच्चे को एक पेन और फोटो उपहार में देते हुए कहा कि मैं ही पंडित नेहरू हूँ और मुझे तुमसे मिलकर बहुत खुशी हुई। आशा है, तुम भारत का नाम सदा याद रखोगे।"

(क) नेहरूजी किस देश की यात्रा पर गए थे ? [1]

(ख) बच्चे ने नेहरू को अपने रोने का क्या कारण बताया ? [3]

(ग) नेहरूजी ने बच्चे को उपहार में क्या दिया ? [2]

(घ) उपहार देने के बाद नेहरू जी ने बच्चे से क्या कहा ? [3]

(ङ) अर्थ लिखें :- निर्धन, हमेशा, उपहार [3]

(च) 'फूलों का गुच्छा' वाक्यांश के लिए सही उत्तर चुनकर लिखें :-
फूलगुच्छ, गुलिस्तां, गुलदस्ता। [1]

(छ) कोष्ठक में आए शब्दों के विलोम शब्द खाली जगहों में लिखें :- [2]

(i) रूस के किसी __________ का एक बच्चा भी उन्हें देखने आया । (शहर)

(ii) पहरेदारों ने मुझे __________ नहीं जाने दिया। (बाहर)

IV. निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखें :- (शब्द उतारें) [2]

इश्वर, अतभुत, वेज्ञानीक, सनसार

V. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें :- (शब्द उतारें) [5]

महँगा, भलाई, गुरु, घृणा, झूठा

VI. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें :- (शब्द उतारें) [8]

पेड़, फूल, राजा, तालाब

VII. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें :- (केवल उत्तर लिखें) [5]

(क) जहाँ कलपुर्जे बनते हैं -

(ख) जो सेवा करता है -

(ग) मंच जिस पर नाटक खेला जाता है -

(घ) सेना का नेतृत्त्व करने वाला -

(ङ) जहाँ पुरानी वस्तुएँ इकट्ठी की गई हों -

VIII. निम्नलिखित वाक्यों में सही विराम-चिह्न लगाएँ :- (वाक्य फिर से लिखें) [4]

(क) अरे तुम कब आए

(ख) रविवार को आप कहाँ जा रहे हैं

(ग) बिहार में बाढ़ आई है

(घ) नीता रजनी बाला और मैं दिल्ली गए थे

IX. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखें :- (शब्द उतारें) [5]

पौधा, तितली, दरवाज़ा, मिठाई, सेना

X. निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कर उनके भेद लिखें :- (वाक्य उतारें) [6]

(क) लालकिले की विशालता देखते ही बनती है ।

(ख) मैं बाज़ार जा रहा हूँ ।

(ग) बालिकाएँ पढ़ रही है ।

(Turn Over)

Downloaded From www.icseboard.org